# हमारे घर श्याम पधारे है भजन लिरिक्स

श्याम पधारे हैं,
हमारे घर श्याम पधारे है,
खुशी जहाँ की मिली आज तो,
जागे भाग हमारे है,
श्याम पधारे हैं,
हमारे घर श्याम पधारे हैं।bd।

---

लीले पे चढ़के सांवरिया,
भक्तों के घर आये,
मुरझाये मन की बगिया के,
फूल सभी हर्षाये,
जग के रखवारे हैं,
हमारे घर श्याम पधारे हैं,
श्याम पधारे हैं।bd।

---

बंद किस्मत का करे फैसला,
मोरछड़ी लहरा के,
ना मानो तो एक बार देखो,
खाटू नगरी जा के,
हारे के सहारे हैं,
हमारे घर श्याम पधारे हैं,
श्याम पधारे हैं।bd।

---

मेरा मन ऐसे नाचे ज्यूँ,
मोर नाचता वन में,
लखदातार खुशी बरसाए,
भक्तों के आँगन में,
गूंजे जयकारे है,
हमारे घर श्याम पधारे हैं,
श्याम पधारे हैं।bd।

---

आज जगी तक़दीर हमारी,
संकट मिट गए सारे,
चाकर 'किशन' चाकरी करके,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हो जाए वारे न्यारे,
सब जानन हारे हैं,
हमारे घर श्याम पधारे हैं,
श्याम पधारे हैं।bd।

---

श्याम पधारे हैं,
हमारे घर श्याम पधारे है,
खुशी जहाँ की मिली आज तो,
जागे भाग हमारे है,
श्याम पधारे हैं,
हमारे घर श्याम पधारे हैं।bd।

**Singer – Pandit Pawan Bhardwaj Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com